दिनांक 25 मार्च, 2023 को आर्य कन्या महाविद्यालय, शाहाबाद (मा०) के स्वास्थ्य एवं रैडक्रास समिति के संयुक्त तत्त्वावधान में भारतीय पारम्परिक ज्ञान पद्धति पर आधारित 'आयुर्वेद एवं कल्याण–संवर्धन' विषय पर विस्तृत व्याख्यान तथा स्वास्थ्य–जांच शिविर का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की प्रचार्या डॉ० आरती त्रेहन ने मुख्य वक्ता के रूप में पधारी डॉ० धनाशरी अग्रवाल, एम० डी० (आयुर्वेद) को पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया एवं अपने संबोधन में कहा कि आयुर्वेद हमारी प्राचीन चिकित्सा पद्धति है। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में हमारी छात्राओं को इससे अवगत होना अत्यंत आवश्यक है। स्वास्थ्य एवं रैडक्रास समिति की संयोजिका डॉ० सोनिया मलिक ने विशिष्ट वक्ता का परिचय देते हुए मंच संचालन का कार्यभार संभाला। मुख्य वक्ता ने अपने वक्तव्य में छात्राओं को स्वास्थ्य के संबंध में आयुर्वेद की उपयोगिता एवं महत्त्व के बारे में बताते हुए कहा कि यह बीमारियों की जड़ तक पहुँचता है एवं उनका विनाश करता है। उन्होंने कहा कि उचित आहार–व्यवहार के पालन से हम विभिन्न स्वास्थ्य–संबंधी समस्याओं से बचाव कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त विभिन्न बीमारियों के कारण, निदान एवं आयुर्वेदिक दवाइयों संबंधी ज्ञान दिया। इसके पश्चात् स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ महाविद्यालय की प्रबंधकारिणी समिति के प्रधान श्री रामलाल गुप्ता ने किया। इस शिविर में उपप्रधान श्री महेन्द्र कंसल, कोषाध्यक्ष श्री विष्णु भगवान गुप्ता, सदस्य श्री कुलदीप गुप्ता, सदस्या एवं महाविद्यालय की पूर्व प्रचार्या श्रीमती रमन कान्ता शर्मा, प्राध्यापक वर्ग, शिक्षणेतर वर्ग तथा छात्राओं ने भाग लिया तथा कुल मिलाकर 70 जनों ने स्वास्थ्य की जांच करवाई। कार्यक्रम की रिपोर्ट–लेखन का कार्य एन० सी० सी० ऑफिसर एवं संस्कृत–विभागाध्यक्षा लै० डॉ० ज्योति शर्मा तथा श्रीमती सुनीता गुप्ता द्वारा बखूबी निभाया गया। इस कार्यक्रम के सफल संचालन में स्वास्थ्य एवं रैडक्रास समिति के सभी सदस्य श्रीमती कुशा गुप्ता, डॉ० भारती शर्मा, डॉ० पूनम सिवाच, एन० सी० सी० ऑफिसर लै० डॉ० ज्योति शर्मा, डॉ० मुमताज, डॉ० हेमा सुखीजा, डॉ० सिमरजीत कौर, श्रीमती स्वाति अत्री, श्रीमती किरण खेवरिया, डॉ० रागिनी मिश्रा, श्रीमती सुनीता गुप्ता, डॉ० स्वरित शर्मा, सुश्री नम्रता शर्मा, सुश्री राधिका गुप्ता, सुश्री डेज़ी का विशेष योगदान रहा। शांतिपाठ के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

डॉ० (श्रीमती) आरती त्रेहन

कार्यवाहक प्राचार्या

Principal (Offg.)

Arya Kanya Mahavidyalya

Shahabad Markanda


✆: 01744-240721, 244096, 312119, 240172 Fax: 01744-244096

E-mail: akmshahabad@yahoo.com, Website: www.akmvshahabad.com



Scanned with ACE Scanner

NSS ACTIVITY NO - 9.

# आर्य कन्या महाविद्यालय में स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

[illegible] शाहाबाद मारकंडा

आर्य कन्या महाविद्यालय के स्वास्थ्य एवं रेडक्रॉस समिति के संयुक्त तत्वावधान में भारतीय पारंपरिक ज्ञान पद्धति पर आधारित आयुर्वेद एवं कल्याण संवर्धन विषय पर विस्तृत व्याख्यान तथा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में आर्य कन्या महाविद्यालय की प्राचार्या डा. आरती त्रेहन ने बतौर मुख्य वक्ता के रूप में पधारे डा. धनश्री अग्रवाल एमडी आयुर्वेद का पौधा भेंट कर स्वागत किया। प्राचार्या डा. आरती त्रेहन संबोधित करते हुए कहा कि आयुर्वेद हमारी प्राचीन शिक्षा [illegible] हमारी छात्राओं को इससे अवगत होना बेहद जरूरी है। स्वास्थ्य एवं रेडक्रॉस समिति की संयोजिका डा. सोनिया मलिक ने अपने वक्तव्य में छात्राओं को स्वास्थ्य के संबंध में आयुर्वेद की उपयोगिता एवं महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि यह बीमारियों को जड़ तक पहुंचता है और उनका विनाश करता है। उन्होंने कहा कि अच्छा व्यवहार के पालन से हम विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से अपना बचाव कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त विभिन्न बीमारियों के कारण [illegible] छात्रों को संबोधित करते हुए स्वास्थ्य

# स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित



स्वास्थ्य जांच शिविर में पहुंचने पर पौधा भेंटकर डा. धनश्री अग्रवाल का स्वागत करते हुए प्राचार्या व अन्य।

[illegible]



स्वास्थ्य जांच शिविर में पहुंचने पर पौधा भेंट कर डा. धनश्री अग्रवाल का स्वागत करते प्राचार्या व अन्य।

सवेरा न्यूज, शाहाबाद मारकंडा : आर्य कन्या महाविद्यालय के स्वास्थ्य एवं रेडक्रॉस समिति के संयुक्त तत्वावधान में भारतीय पारंपरिक ज्ञान पद्धति पर आधारित आयुर्वेद एवं कल्याण संवर्धन विषय पर विस्तृत व्याख्यान तथा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आर्य कन्या महाविद्यालय की प्राचार्या डा. आरती त्रेहन ने बतौर मुख्य वक्ता के रूप में पधारे डा. धनश्री अग्रवाल एमडी आयुर्वेद का पौधा भेंट कर स्वागत किया। प्राचार्या डा. आरती त्रेहन संबोधित करते हुए कहा कि आयुर्वेद हमारी प्राचीन शिक्षा पद्धति है और वर्तमान परिवेश में हमारी छात्राओं को इससे अवगत होना बेहद जरूरी है। शिविर में लगभग 70 छात्राओं के साथ साथ स्कूल स्टाफ ने भी स्वास्थ्य जांच शिविर में भाग लिया। इस मौके पर डा. ज्योति [illegible], डा. [illegible] गुप्ता, डा. भारती शर्मा, डा. पूनम सिवाच, डा. सुमन [illegible], डा. [illegible] और स्वाति [illegible] किरण मोंगिया डा. [illegible] मिश्रा, सुनीता [illegible]

# शिविर में बच्चों को दिए स्वस्थ रहने के टिप्स



शाहाबाद मारकंडा : शनिवार को आर्य कन्या महाविद्यालय के स्वास्थ्य एवं रेडक्रॉस समिति के संयुक्त तत्वावधान में भारतीय पारंपरिक ज्ञान पद्धति पर आधारित आयुर्वेद एवं कल्याण संवर्धन विषय पर विस्तृत व्याख्यान तथा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आर्य कन्या महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. आरती त्रेहन ने बतौर मुख्य वक्ता के रूप में पधारे डॉ. धनश्री अग्रवाल एमडी आयुर्वेद का पौधा भेंट कर स्वागत किया। प्राचार्या डॉ. आरती त्रेहन ने कहा कि आयुर्वेद हमारी प्राचीन शिक्षा पद्धति है और वर्तमान परिवेश में हमारी छात्राओं को इससे अवगत होना बेहद जरूरी है। स्वास्थ्य एवं रेडक्रॉस समिति की संयोजिका डा. सोनिया मलिक ने अपने वक्तव्य में छात्राओं को स्वास्थ्य के संबंध में आयुर्वेद की उपयोगिता

Scanned with ACE Scanner

पंजाब केसरी

TUE,09 MAY 2023
EDITION: KURUKSHETRA KESARI, PAGE NO. 4


# आर्य कन्या महाविद्यालय में मनाया विश्व रैडक्रास दिवस




*शाहबाद में आर्य कन्या महाविद्यालय में छात्राओं को संबोधित करते मुख्य वक्ता डा. सोनिया मलिक। (अमन)*

**शाहबाद मारकंडा (मदन) :** आर्य कन्या महाविद्यालय, शाहबाद की रैडक्रास सोसायटी द्वारा विश्व रैडक्रास दिवस को स्वास्थ्य और शारीरिक पुष्टि तथा युवाओं के लिए इसका महत्व विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया। प्राचार्या डा. आरती त्रेहन ने छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि स्वस्थ व्यक्ति ही देश की प्रगति में अपना योगदान कर सकता है।

अतः सभी छात्राएं अपने स्वास्थ्य तथा शारीरिक सुयोग्यता पर ध्यान दें तथा रैडक्रास गतिविधियों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लें। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता डा. सोनिया मलिक, संयोजिका रैडक्रास सोसायटी जय छात्राओं को रैडक्रास की गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर छात्राएं तथा डा. पूनम सिवाच, डा. हेमा सुखीजा तथा डे.जी. स्वरित शर्मा एवं रैडक्रॉस के सभी सदस्य उपस्थित रहे।




**शाहबाद : विश्व रेडक्रॉस दिवस पर आयोजित व्याख्यान में छात्राओं को संबोधित करते मुख्य वक्ता।**

# विश्व रैडक्रॉस दिवस मनाया


शाहबाद मारकंडा, 8 मई (विजय कुमार): आर्य कन्या महाविद्यालय की रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा विश्व रेडक्रॉस दिवस को स्वास्थ्य और शारीरिक पुष्टि तथा युवाओं के लिए, इसका महत्व विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया। प्राचार्या डॉ. आरती ने छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि स्वस्थ व्यक्ति ही देश की प्रगति में अपना योगदान कर सकता है। अत: सभी छात्राएं अपने स्वास्थ्य तथा शारीरिक सुयोग्यता पर ध्यान दें तथा रेडक्रॉस गतिविधियों में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लें। आज के कार्यक्रम की मुख्य वक्ता डॉ. सोनिया मलिक, संयोजिका रेडक्रास सोसाइटी रही। इस अवसर पर 40 छात्राएं तथा डॉ. पूनम सिवाच, डॉ. हेमा सुखीजा और स्वरित शर्मा एवं रेडक्रॉस के सभी सदस्य उपस्थित रहे।


# आर्य कन्या महाविद्यालय में मनाया विश्व रेडक्रॉस दिवस




**शाहबाद मारकंडा** | आर्य कन्या महाविद्यालय की रेड क्रॉस सोसाइटी ने विश्व रेडक्रॉस दिवस को स्वास्थ्य और शारीरिक पुष्टि तथा युवाओं के लिए इसका महत्व विषय पर व्याख्यान आयोजित किया। प्राचार्या डॉ. आरती ने कहा कि स्वस्थ व्यक्ति ही देश की प्रगति में अपना योगदान कर सकता है। आज के कार्यक्रम की मुख्य वक्ता डॉ. सोनिया मलिक, संयोजिका रेडक्रास सोसाइटी रही। इस अवसर पर 40 छात्राएं तथा डॉ. पूनम सिवाच, डॉ. हेमा सुखीजा और स्वरित शर्मा एवं रेडक्रॉस के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

Scanned with ACE Scanner




Scanned with ACE Scanner

**ARYA KANYA MAHAVIDYALAYA**
**SHAHABAD MARKANDA, HARYANA**
**(Affiliated to Kurukshetra University Kurukshetra)**

# Ek Bharat Shreshta Bharat Club

# Organizes

## Poetic Recitation Competition on

## 18th August 2022

## At 11:30Am

## Theme: Patriotic Poems

## Prizes will be given to theWinners

**Convener**
**Dr. Kavita Mehta**
**Nodal Officer**
**EBSB Club**

**Parton**
**Dr. Aarti Trehan**
**Principal**

Scanned with ACE Scanner




Scanned with ACE Scanner

# आर्य कन्या महाविद्यालय में देशभक्ति कविता में वंशिका ने बाजी मारी

शाहाबाद मारकंडा, 19 अगस्त (मदन) : आर्य कन्या महाविद्यालय में एक भारत श्रेष्ठ भारत क्लब द्वारा कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कविता का विषय देशभक्ति चुना गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य डा. आरती त्रेहन मुख्य अतिथि थी। क्लब की नोडल ऑफिसर डा. कविता मैहता ने भारत की एकता और अखंडता को बनाए रखने में क्लब की भूमिका से अवगत कराया। मंच का संचालन रजनी धवन ने किया। निर्णायक मंडल की भूमिका संतोष, वीना, डाक्टर हेमा सुखीजा ने निभाई। प्रतियोगिता में 15 छात्राओं ने भाग लिया, जिसमें बी.ए. द्वितीय वर्ष की वंशिका प्रथम, बी.एससी द्वितीय वर्ष की दीपांशी द्वितीय, बी.एससी. फैशन डिजाइनिंग कि सोनिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सतिंद्र को सांत्वना पुरस्कार मिला।



शाहाबाद में आर्य कन्या महाविद्यालय में देशभक्ति कविता प्रतियोगिता में भाग लेते प्रतिभागी। (आजाद)

Scanned with ACE Scanner




Scanned with ACE Scanner




Scanned with ACE Scanner




Scanned with ACE Scanner

# आर्य कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय एकता दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन


(गुरमीत दुग्गल)

कुरुक्षेत्र/शाहाबाद। सोमवार को आर्य कन्या महाविद्यालय में एनसीसी यूनिट, एक भारत श्रेष्ठ भारत क्लब एवं युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के नेहरू युवा केंद्र कुरुक्षेत्र के संयुक्त तत्वाधान में सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि सेवानिवृत्त एसडीओ इरिगेशन विभाग कुरुक्षेत्र बलवंत सिंह बतान ने शिरकत की। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. आरती त्रेहन तथा नेहरू युवा केंद्र कुरुक्षेत्र की लेखा एवं कार्यक्रम सुपरवाइजर कांता देवी द्वारा की गई । कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरदार वल्लभ भाई पटेल की मूर्ति पर पुष्प अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. आरती त्रेहन ने अतिथियों का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत करते हुए कहा कि एकता का भाव प्रत्येक व्यक्ति मे होना अनिवार्य। उन्होंने सभी को एकजुट होकर कार्य करने के साथ साथ बाधाओं से घबराकर कार्य को बीच में न छोड़कर निरंतर आगे बढ़ना चाहिए इसके लिए प्रेरित किया। वहीं मुख्यातिथि बलवंत सिंह बतान ने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि युवाओं को सरदार वल्लभ भाई पटेल के जीवन से प्रेरणा लेकर देश सेवा के कार्य करने चाहिए। उन्होंने कहा कि आज पूरा देश सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मना रहा है। इस मौके पर डा. स्वरित शर्मा, महेश धीमान, सोनिया सहित एनसीसी की 50 छात्राओं एवं एक भारत श्रेष्ठ भारत क्लब की 50 छात्राओं ने भाग लिया।




चैक पोस्ट

Scanned with ACE Scanner




Scanned with ACE Scanner

आर्य कन्या महाविद्यालय, शाहाबाद मारकण्डा

# ARYA KANYA MAHAVIDYALYA

(A Premier Multifaculty Post Graduate Girls Institution Affiliated to KUK)

SHAHABAD MARKANDA, DISTT KURUKSHETRA (HARYANA)

Estd. 1966

Ref. No. 304/AKMV/2022/12013 Date 17/11/2022

To

Dr. Ram Ji Lal
Principal (Retd.)
Dyal Singh College
Karnal.

**Subject:** **Invitation of Extension Lecture on 24 November, 2022.**

Dear Sir,

Apropos our telephonic talk, we are thankful to you that you are accepting our invitation for as a resource person in **"One Day Extension Lecture on the topic Communal Harmony: Meaning, Contents, need & Role of Youth to Maintain It"** organised by EK Bharat Shreshtha Bharat Club of our college on the **Observance of the Communal Harmony Campaign Week** from 19th to 25th November, 2022 and Flag Day on 25th November, 2022 at 11:00am.

We are sure that our students and staff will be enriched by your expert views on the topic.

Waiting eagerly for your enlightening talk.

Thanking You,


Yours sincerely

Dr. (Mrs.) Aarti Trehan
Principal (Offg.)
Principal (Offg.)
Arya Kanya Mahavidyalya
Shahabad Markanda

Dr. Kavita Mehta
Nodal Officer & Co-ordinator
Ek Bharat Shreshtha Bharat Club



Scanned with ACE Scanner




Scanned with ACE Scanner

# ARYA KANYA MAHAVIDYALYA

**SHAHABAD MARKANDA (HARYANA)**

Affiliated to Kurukshetra University, Kurukshetra

Estd. 1960

*On the Occasion of*

*200th Birth Anniversary of Maharishi Dayanand Saraswati*

# EK BHARAT SHRESHTHA BHARAT CLUB

*organizes*

***Outreach Programme-cum-Community Service Programme***

*on the theme of*

## RELEVANCE OF MAHARISHI DAYANAND SARASWATI'S PRINCIPLES IN PRESENT SCENARIO

**DATE: 21st April, 2023** **TIME : 11:30 A.M.**

**Venue**

**Mata Rukmani Rai Arya Sr. Sec. School, Shahabad M**

**Dr. Kavita Mehta**
**Nodal Officer and Coordinator**

**Dr. Aarti Trehan**
**Principal**

**ORGANIZING COMMITTEE**

Dr. Poonam Siwach, Dr. Hema Sukhija, Lt. Dr. Jyoti Sharma, Mrs. Kiran Khevaria, Mrs. Ragini Mishra, Ms. Deepa Sharma, Ms. Shivani Sharma

Scanned with ACE Scanner

# EbSb Club..

## Activity → Speech

| Name | Class | Roll.no | Signature. |
|---|---|---|---|
| 1. Swati | BA final year | 1909080002083 | [illegible] |
| 2. Neha | B.Sc (Med) 1st year, | 122208203 0009 | Neha |
| 3. Shiwani | " | 122208203 0005 | Shiweni |
| 4. Safina | " | 122208203 0019 | Safina |
| 5. Neha | B.A IInd year | 121208200 2060 | Neha |
| 6. Vanshika | " | ——— 84 | Vanshika |
| 7. Amisha | B.A final year | 120208002010 | [illegible] |
| 8. Khushi | B.Com final | 120208003085 | Khushi |
| 9. Shivani | B.A IInd year | 121208200 2046 | Shivani |
| 10. Simran Arora | B.A IInd year | ——— 110 | Simran |

(10)

Dr Parveen Mehta
21/07/2023

Scanned with ACE Scanner

आर्य कन्या महाविद्यालय, शाहाबाद मारकण्डा

**Arya Kanya Mahavidyalya**

Ref. No. 801/AKM/2023/12265 (A Premier Multifaculty Post Graduate Girls Institution Affiliated to KUK)

Dated 21/4/2023

Shahabad Markanda, Distt Kurukshetra (Haryana)

# 'वर्तमान परिदृश्य में, महर्षि दयानन्द सरस्वती के सिद्धांतों की प्रासङ्गिकता' विषय पर आउटरिच प्रोग्राम–कम–कम्यूनिटि सर्विस का आयोजन

दिनांक 21 अप्रैल, 2023 को आर्य कन्या महाविद्यालय, शाहाबाद (मारकण्डा) के 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' क्लब के द्वारा 'वर्तमान परिदृश्य में, महर्षि दयानन्द सरस्वती के सिद्धांतों की प्रासङ्गिकता' विषय पर आउटरिच प्रोग्राम–कम–कम्यूनिटि सर्विस के तहत माता रूकमनी राय आर्य सी० सै० स्कूल, शाहाबाद (मा०) में कार्यक्रम आयोजित किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ० (श्रीमती) आरती त्रेहन ने इस शुभ कार्य हेतु क्लब की नोडल ऑफिसर एवं कॉर्डिनेटर डॉ० कविता मेहता क्लब की प्राध्यापक सदस्याएँ–डॉ० पूनम सिवाच, लै० डॉ० ज्योति शर्मा, डॉ० हेमा सुखीजा, श्रीमती किरण खेवरिया, डॉ० रागिनी मिश्रा, डॉ० स्वरित शर्मा, सुश्री दीपा शर्मा, सुश्री शिवानी शर्मा एवं क्लब की 50 छात्राओं को इस शुभ कार्य हेतु हरी झंडी दिखाकर रवाना किया एवं भविष्य में भी इस तरह के आयोजन हेतु प्रेरित कर साधुवाद दिया। विद्यालय में जाकर क्लब की नोडल ऑफिसर एवं कॉर्डिनेटर डॉ० कविता मेहता ने सर्वप्रथम एक भारत श्रेष्ठ भारत क्लब का परिचय देते हुए इसका उद्देश्य सभी को स्पष्ट किया एवं बताया कि 2020 नवीन शिक्षा पद्धति के अन्तर्गत प्राच्य विद्याओं को आदर्श रूप में रखकर छात्राओं को शिक्षा दी जाएगी। अतः दयानन्द सरस्वती जी की 200वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में उनके आदर्शों, सिद्धांतों को जानना अत्यन्त आवश्यक है। इस कार्य हेतु विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती दिव्या कौशिक का धन्यवाद किया। छात्राओं ने दयानन्द सरस्वती के जीवन परिचय, उनके विभिन्न क्षेत्रों में एवं समाज–सुधार हेतु किए गए कार्यों को विद्यालय की छात्राओं को बताया। महाविद्यालय की छात्राओं ने दयानन्द जी के पोर्टरेट बनाकर प्रस्तुत किए। संस्कृत–विभागाध्यक्षा लै० डॉ० ज्योति शर्मा ने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि दयानन्द जी ने वेदों की शिक्षा को अपने जीवन में उतारा एवं 'मनुर्भव' (मनुष्य बनो) इस संदेश को फैलाया। आज हम सभी को भी स्वामी दयानन्द जी की तरह धर्म, सम्प्रदाय एवं जाति आदि से ऊपर उठकर सभी का हित चाहते हुए वेदोक्त वचनों को अपने जीवन में उतारने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने 'वन्दे मातरम्', 'भारत माता की जय' इन वचनों का उद्घोष सभी से करवाया एवं सभी के स्वास्थ्य की मंगलकामना करते हुए कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

डॉ० (श्रीमती) आरती त्रेहन

कार्यवाहक प्राचार्या

Principal (Offg.)

Arya Kanya Mahavidyalya

Shahabad Markanda

✆: 01744-240721, 244096, 312119, 240172 Fax: 01744-244096

E-mail : akmshahabad@yahoo.com, Website : www.akmvshahabad.com

Scanned with ACE Scanner




Scanned with ACE Scanner



Scanned with ACE Scanner

आर्य कन्या महाविद्यालय, शाहाबाद मारकण्डा
ARYA KANYA MAHAVIDYALYA
(A Premier Multifaculty Post Graduate Girls Institution Affiliated to KUK)
SHAHABAD MARKANDA, DISTT KURUKSHETRA (HARYANA)
Estd. 1968

Ref. No. S.01/AKM/2022/11305 Date 08/08/2022

# एन0सी0सी0 युनिट द्वारा 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम के अन्तर्गत साईकिल रैली आयोजित

आज आर्य कन्या महाविद्यालय, शाहाबाद (मा0) की एन0सी0सी0 युनिट के तत्त्वावधान में रोट्रेक्ट क्लब के साथ मिलकर आजादी का अमृत–महोत्सव के अन्तर्गत 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम के तहत साइकिल रैली का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ० (श्रीमती) आरती त्रेहन ने सभी को सम्बोधित करते हुए कहा कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा चलाए जा रहे हर घर तिरंगा अभियान का उद्देश्य देश की एकता को बढ़ाना तथा सभी के दिलों में भक्ति–भाव पैदा करना है। उन्होने कहा राष्ट्रीय ध्वज हमारा स्वाभिमान है। अपने देश की संस्कृति को बचाकर रखना हमारा परम कर्तव्य है। उन्होने एन0सी0सी0 युनिट तथा रोट्रेक्ट क्लब द्वारा आयोजित तिरंगा साइकिल रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया। महाविद्यालय की एन0सी0सी0 ऑफिसर लैफ्टीनैण्ट डॉ0 ज्योति शर्मा के कुशल निर्देशन में सभी छात्राएं महाविद्यालय के मुख्य द्वार से वन्दे मातरम्, हर घर तिरंगा, मेरा तिरंगा, मेरी शान आदि उद्घोषों द्वारा विजय कालोनी, गीता स्कूल, सार्वजनिक अस्पताल, बाजार, आर्य स्कूल, प्रताप मंडी के रास्ते होते हुए कुल 05 किलोमीटर की दूरी तय कर समाज को देश–भक्ति का संदेश दिया तथा 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम के बारे में जागरूकता पैदा की। छात्राओं ने रास्ते में लोगों को झंडे भी प्रदान किए एवं इसका महत्त्व सभी को बताया। इस अवसर पर कुल 27 छात्राओं ने भाग लिया। इस अवसर पर श्रीमती ऋतु मित्तल, उप अधीक्षक श्री राजेश आनन्द, श्री बलविन्द्र कुमार, सुश्री सोनिया, श्री हरबन्स, श्री सुखविन्दर, श्रीमती सीमा रानी तथा श्रीमती सरस्वती आदि उपस्थित रहे। महाविद्यालय की प्राचार्या ने वापिस महाविद्यालय पहुँचने पर सभी का स्वागत किया एवं एन0सी0सी0 युनिट तथा रोट्रेक्ट क्लब को साधुवाद दिया। जलपान के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

डॉ० (श्रीमती) आरती त्रेहन
कार्यवाहक प्रचार्या
**Principal (Offg.)**
**Arya Kanya Mahavidyalya**
**Shahabad Markanda**

Ph. : 01744- 240721, 240172 E-mail : akmshahabad@yahoo.com, Website : www.akmvshahabad.edu.in

Scanned with ACE Scanner












Scanned with ACE Scanner

आर्य कन्या महाविद्यालय, शाहाबाद मारकण्डा
ARYA KANYA MAHAVIDYALYA
(A Premier Multifaculty Post Graduate Girls Institution Affiliated to KUK)
SHAHABAD MARKANDA, DISTT KURUKSHETRA (HARYANA)
Estd. 1966

Ref. No. 801/AKM/2022/11739 Date 04/10/2022

# "पुनीत सागर अभियान के तहत मारकण्डा नदी पर चलाया स्वच्छता अभियान"

आज आर्य कन्या महाविद्यालय, शाहाबाद (मा०) के एन०सी०सी० यूनिट द्वारा सागर अभियान के तहत वन हरियाणा गर्ल्ज बैटेलियन अम्बाला छावनी के साथ मिलकर मारकण्डा नदी पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ० आरती त्रेहन ने सभी को सम्बोधित करते हुए कहा कि नदियों के जल को स्वच्छ रखना हमारा परम कर्तव्य है। आज एन०सी०सी० के सभी कैडेट्स मारकण्डा नदी पर स्वच्छता अभियान चलाकर अपना योगदान देगें। महाविद्यालय एन०सी०सी० ऑफिसर लै० डॉ० ज्योति शर्मा ने कैडेट्स को बताया कि वैदिक काल से ही भारत में नदियों की पूजा की जाती है एवं इसके जल को स्वच्छ रखने के निर्देश मिलते हैं। नदियों के प्रवाह को रूकने नही देना चाहिए। इन्हीं भावों को लेकर आज एन०सी०सी० कैडेट्स पुनीत कार्य को कर रहे हैं। वन हरियाणा गर्ल्स बैटेलियन के नायत्त्व सूबेदार सकल सिंह ने स्वच्छता हेतु सभी कैडेट्स को प्रेरित किया। इस अभियान में कुल 21 छात्राओं ने भाग लिया। इस अवसर वन हरियाणा गर्ल्स बैटेलियन के हवलदार बीरपाल सिंह भी उपस्थित रहे। इसके बाद महाविद्यालय में एन०सी०सी० यूनिट द्वारा सत्र 2022–23 के एन०सी०सी० प्रथम वर्ष हेतु चयन–प्रक्रिया आयोजित की गई। इसमें दौड़, शटल, आत्म परिचय, लिखित–परीक्षा तथा योग्यता प्रदर्शन करवाए। इन 50 छात्राओं मेंसे 20 एन०सी०सी० कैडेट्स का चयन किया गया।

Aarti

डॉ० (श्रीमती) आरती त्रेहन
कार्यवाहक प्राचार्या

Principal (Offg.)
Arya Kanya Mahavidyalya
Shahabad Markenda

Ph. : 01744- 240721, 240172 E-mail : akmshahabad@yahoo.com, Website : www.akmvshahabad.edu.in

Scanned with ACE Scanner

Arya Kanya Mahavidyalya, Shahabad Markanda

Inter Class Poem Competition

Under the Occasion of

COMMUNAL HARMONY WEEK (19 November-25 November, 2022)

Organised by Sanskrit & NCC Unit

Topic :- COMMUNAL HARMONY

Venue :- Room No. 21

Dated:- 19/11/2022

| SR. NO. | NAME | CLASS | ROLL NO. | SIGNATURE | POSITION |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | SUMEDHA | B.SC.-II | 1212082015014 | | — |
| 2 | DEEPANSHI | B.SC.-II | 1212082015015 | | Consolation |
| 3 | NAVREET | B.SC.-II | 1212083015005 | Navreet | — |
| 4 | SONIA | B.SC.-II | 121283084012 | Sonia | — |
| 5 | RAJNI | B.A.-II | 1212082002053 | Rajni | II |
| 6 | MUSKAN | B.A.-I | 1222082002206 | Muskan | — |
| 7 | SABNAM | B.A.-I | 122082002452 | Sabnam | — |
| 8 | SAMRITI | B.A.-I | 122082002043 | Samriti | — |
| 9 | MUSKAN | B.A.-III | 120208002085 | Muskan | — |
| 10 | MEHAK RANI | B.A.-II | 1212082002078 | Mahak Rani | III |
| 11 | VANSHIKA | B.A.-II | 1212082002084 | ~~Mehak Rani~~ Vanshika | I |
| 12 | ISHA | B.COM.-I | 1222082003041 | isha | — |
| 13 | NANCY | B.COM.-I | 1222082003004 | Nancy | — |
| 14 | JASPREET | B.COM.-I | 1222082003011 | Jaspreet | — |
| 15 | KASHAK | B.COM.-I | 1222082003005 | Kashak | — |
| 16 | KHUSHBOO | B.COM.-I | 1222082003030 | Khushboo | — |

Swarit Sharma 19/11/22
Dr. Swarit Sharma
HOD Music
Judge

19/11/2022
Dr. Kavita Mehta
HOD English
Judge

19/11/2022
Dr. Bharti Sharma
HOD Hindi
Judge

19/11/22
Dr. Jyoti Sharma
HOD Sanskrit
NCC Officer& Convener

Dr. (Mrs.) Aarti Trehan
Principal (Offg.)
Principal (Offg.)
Arya Kanya Mahavid
Shahabad Markanda

Scanned with ACE Scanner

आर्य कन्या महाविद्यालय, शाहाबाद मारकण्डा
ARYA KANYA MAHAVIDYALYA
(A Premier Multifaculty Post Graduate Girls Institution Affiliated to KUK)
SHAHABAD MARKANDA, DISTT KURUKSHETRA (HARYANA)

Estd. 1968

Ref. No. 801/AKM/2022/12074 Date 26 नवम्बर, 2022

# जिलास्तरीया–भारतीय संविधान की विशेषताओं पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन

दिनांक 26 नवंबर, 2022 को आर्य कन्या महाविद्यालय, शाहाबाद मारकंडा के एन० सी० सी० यूनिट द्वारा राजनीतिक शास्त्र एवं नेहरू युवा केन्द्र, कुरुक्षेत्र के सहयोग से भारतीय संविधान दिवस के उपलक्ष्य में भारतीय संविधान की विशेषताओं पर जिलास्तरीया प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्यातिथि तथा मुख्य वक्ता–डी० ए० वी० कॉलेज, अम्बाला के राजनीति शास्त्र विभाग के एसोसिएट प्रोफैसर डॉ० भूपिन्द्र सिंह रहे। सर्वप्रथम ज्ञान की देवी सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात मुख्यातिथि द्वारा संविधान की प्रस्तावना सभी से पढ़वाई गई। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ० आरती त्रेहन ने पुष्पगुच्छ प्रदान कर मुख्यातिथि का स्वागत किया। कार्यक्रम की संयोजिका एन० सी० सी० ऑफिसर लै० डॉ० ज्योति शर्मा ने मंच संचालन करते हुए मुख्य वक्ता का परिचय सबके साथ सांझा किया। कार्यक्रम की सह–संयोजिका राजनीति शास्त्र विभागाध्यक्षा सुश्री दीपा शर्मा तथा अर्थशास्त्र की विभागाध्यक्षा सुश्री राधिका ने क्विज मास्टर की भूमिका निभाई। प्राचार्या महोदया ने सभी को सम्बोधित करते हुए कहा कि संविधान दिवस बेहद गर्व का दिन है। यह हमें जिम्मेदारियों और कर्त्तव्य का अहसास कराता है। अतः संविधान हमारे देश की एकता और विकासशीलता की सबसे बडी शक्ति हैं। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में कुरुक्षेत्र जिले के 7 महाविद्यालयों के 14 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इसमें प्रथम स्थान Govt. College, Chammu Kalan के संदीप एवं अदित्य ने प्राप्त किया तथा Govt. College for Girls, Palwal की स्मृति एवं श्रुति ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा Indira Gandhi National College, Ladwa के मनीष कुमार एवं लवप्रीत सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रथम पुरस्कार विजेता को 500/– रुपये धनराशि, द्वितीय पुरस्कार विजेता को 400/– रुपये धनराशि, तृतीय पुरस्कार विजेता को 300/– रुपये धनराशि तथा सभी प्रतिभागियों को ट्राफी, मैडल, प्रमाण पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। डॉ० भूपिन्द्र सिंह जी ने अपने वक्तव्य में सभी को सम्बोधित करते हुए कहा कि संविधान का विकास कैसे हुआ, भारतीय संविधान की मांग किस प्रकार समय–समय पर की जाती रही तथा हमारे राष्ट्रीय नेताओं ने अपना संविधान बनाने के लिए अंग्रेजों से किस प्रकार संघर्ष किया। भारतीय संविधान की निर्माण प्रक्रिया और उसकी विशेषताओं के बारे में विस्तार से बताया। नेहरू युवा केन्द्र, कुरुक्षेत्र से श्री अमित शर्मा ने सभी को नेहरू युवा केन्द्र, कुरुक्षेत्र तथा उनके नियमित कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से बताया। प्राचार्या महोदया ने मुख्यातिथि को, नेहरू युवा केन्द्र, कुरुक्षेत्र से उपस्थित श्रीमती कान्ता तथा श्री अमित शर्मा को उपहार भेंट किया। नेहरू युवा केन्द्र, कुरुक्षेत्र द्वारा कॉलेज प्राचार्या, एन० सी० सी० ऑफिसर लै० डॉ० ज्योति शर्मा, अंग्रेजी विभागाध्यक्षा डॉ० कविता मेहता तथा राजनीति शास्त्र विभागाध्यक्षा सुश्री दीपा शर्मा को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की आर्गेनाइजिंग कमेटी के

Principal (Offg.)
Arya Kanya Mahavidyalya
Shahabad Markanda

Ph. : 01744- 240721, 240172 E-mail : akmshahabad@yahoo.com, Website : www.akmshahabad.edu.in

Scanned with ACE Scanner

Ref. No. 801/AKM/2022/1294 Date 26 नवंबर, 2022

सदस्य जीव विज्ञान विभागाध्यक्षा डॉ० पुष्पा शर्मा, कमर्शियल आर्ट्स विभागाध्यक्षा श्रीमती संतोष, कम्प्यूटर विभाग की प्रवक्ता श्रीमती स्वाति अत्री, डॉ० रागिनी मिश्रा, डॉ० स्वरित शर्मा, सुश्री नेहा, सुश्री नम्रता शर्मा, एवं, सुश्री राधिका गुप्ता का इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में विशेष योगदान रहा। इसके अतिरिक्त उप–अधीक्षक श्री राजेश आनंद, सुश्री सोनिया ने विशेष भूमिका निभाई। इस अवसर पर श्री बलविन्द्र,, श्री हरबंस, श्री राकेश, श्रीमती सरिता, श्रीमती सीमा, श्रीमती सरस्वती श्रीमती मीना तथा महाविद्यालय की 80 छात्राएँ उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की आर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ० कविता मेहता ने सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। शांतिपाठ के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

डॉ० (श्रीमती) आरती त्रेहन
कार्यवाहक प्राचार्या
Principal (Offg.)
Arya Kanya Mahavidyalya
Shahabad Markanda



Scanned with ACE Scanner

आर्य कन्या महाविद्यालय, शाहाबाद मारकण्डा

**ARYA KANYA MAHAVIDYALYA**

(A Premier Multifaculty Post Graduate Girls Institution Affiliated to KUK)

SHAHABAD MARKANDA, DISTT KURUKSHETRA (HARYANA)

Ref. No. 891 / आ०क०म० / 2023 / 12430

Date 25 जनवरी, 2023

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में जागरूकता अभियान

आज आर्य कन्या महाविद्यालय, शाहाबाद (मा०) में नोडल ऑफिसर लै० डॉ० ज्योति शर्मा के कुशल मार्गदर्शन में एन०सी०सी० कैडेट्स द्वारा 'वोटिंग बेमिसाल है, मैं अवश्य वोट देता हूँ' थीम को लेकर राष्ट्रीय मतदाता दिवस आयोजित किया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ० आरती त्रेहन ने सभी को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रति वर्ष मतदाता दिवस मनाने का उद्देश्य मतदान अधिकार और मतदाता के रूप में उनकी जागरूकता फैलाना है। उन्होंने कहा कि किसी भी लोकतन्त्र का आधार मतदान है। अतः मतदाता को निष्पक्ष होकर देश के हित के लिए मतदान अवश्य करना चाहिए। उन्होंने सभी छात्राओं और शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक वर्ग को मत देने की शपथ दिलवाई। नोडल ऑफिसर तथा एन०सी०सी० ऑफिसर लै० ज्योति शर्मा ने मतदाता दिवस के बारे में विस्तृत व्याख्यान देते हुए कहा कि सन् 1950 में भारत के चुनाव आयोग की स्थापना दिवस को चिह्नित करते हुए वर्ष 2011 के तत्कालीन राष्ट्रपति प्रतिभा देवी पाटिल द्वारा इसका शुभारंभ किया गया तब से लेकर प्रतिवर्ष इस दिन को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिवस का उद्देश्य है कि 18 साल से ऊपर का प्रत्येक नागरिक देश–हित के लिए सदचिन्तन करे और मतदान करने के लिए अपना पंजीकरण अवश्य करवाएँ। उन्होंने आह्वान किया कि प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है कि वह क्षेत्र, जातिवाद एवं परिवारवाद से ऊपर उठकर किसी भी प्रकार के प्रलोभन में न आकर सम्पूर्ण देश के हित हेतु पूर्ण–उत्साह के साथ मतदान करें। एन०सी०सी० कैडेट द्वारा प्रतापमंडी रोड एवं बराड़ा रोड से होते हुए 'लोकतन्त्र का करो सम्मान, शत–प्रतिशत करो मतदान', 'जो बांटे दारू, साड़ी नोट उसको कभी न देंगे वोट', 'जिसने विकास को रोका, नहीं मिलेगा उसको मौका' 'आन–बान और शान से, सरकार बने मतदान से' आदि वोटिंग बेमिसाल है, मैं अवश्य वोट

Principal (Offg.)
Arya Kanya Mahavidyalaya
Shahabad Markanda

Ph. : 01744- 240721, 240172 E-mail : akmshahabad@yahoo.com, Website : www.akmvshahabad.edu.in

Scanned with ACE Scanner











Scanned with ACE Scanner

आर्य कन्या महाविद्यालय, शाहाबाद मारकण्डा

**ARYA KANYA MAHAVIDYALYA**

(A Premier Multifaculty Post Graduate Girls Institution Affiliated to KUK)

SHAHABAD MARKANDA, DISTT KURUKSHETRA (HARYANA)

Estd. 1968

Ref. No. SD1/AKM/2023/12460 Date 07/02/2023

# एन० सी० सी० युनिट कैडेट्स ने मारकण्डा नदी पर चलाया स्वच्छता अभियान

पुनीत


आज आर्य कन्या महाविद्यालय, शाहाबाद (मा०) के एन० सी० सी० युनिट द्वारा सागर अभियान के तहत वन हरियाणा गर्ल्ज बैटेलियन अम्बाला छावनी के साथ मिलकर मारकण्डा नदी पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ०आरती त्रेहन ने सभी को सम्बोधित करते हुए कहा कि जल ही जीवन का आधार है। इसको स्वच्छ रखना हमारा परम कर्तव्य है। नदियों के जल को स्वच्छ रखना हमारा परम कर्तव्य है। आज एन०सी०सी० के सभी कैडेट्स मारकण्डा नदी पर स्वच्छता अभियान चलाकर अपना योगदान देगें। महाविद्यालय एन०सी०सी० ऑफिसर लै० डॉ० ज्योति शर्मा ने कैडेट्स को बताया कि हमारे ऋषि मुनियों ने सदैव नदियों की पूजा करने का निर्देश दिया है। नदियों के प्रवाह को सदैव निरंतर प्रवाहित रहना चाहिए। अतः इसके बीच में अथवा इसके आसपास कूड़ा नहीं फेंकना चाहिए। इन्हीं भावों को लेकर आज एन०सी०सी० कैडेट्स पुनीत कार्य को कर रहे हैं। वन हरियाणा गर्ल्स बैटेलियन के हवलदार देव ने स्वच्छता हेतु सभी कैडेट्स को प्रेरित किया। इस अभियान में कुल 27 छात्राओं ने भाग लेकर वहाँ उपस्थित लोगों को नदी को स्वच्छ रखने का संदेश दिया तथा प्लास्टिक आदि इकट्ठा कर सफाई अभियान में योगदान दिया। इस अवसर पर एन० सी० सी० की पूर्व कैडेट सुषमा ने सभी कैडेट्स को स्वच्छता हेतु एवं अनुशासन में रहकर कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम में श्री राजेश आनंद, सुश्री सोनिया, सुखविन्द्र तथा सरस्वती का विशेष सहयोग रहा। प्राचार्या ने इस कार्य हेतु एन० सी० सी० युनिट को साधुवाद दिया।

Aarti

डॉ० (श्रीमती) आरती त्रेहन
कार्यवाहक प्राचार्या
Principal (Offg.)
Arya Kanya Mahavidyalya
Shahabad Markanda

Ph. : 01744- 240721, 240172 E-mail.: akmshahabad@yahoo.com, Website : www.akmvshahabad.edu.in

Scanned with ACE Scanner










Scanned with ACE Scanner

# विद्यार्थियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया



*विद्यार्थियों [illegible] संबोधित करती डा. ज्योति शर्मा।* (मृदुल सपरा)

शाहा[illegible]कंडा 6 फरवरी ( मृदुल सपरा ): राजकीय माध्यमिक विद्यालय गुमटी में [illegible]त कार्यक्रम में विद्यार्थियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में मुख्यवक्ता के रूप में शिरकत करते हुए एन.सी.सी. अधिकारी एवं संस्कृत विभागाध्यक्ष डा. ज्योति शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता न केवल हमारे घर, सड़क तक के लिए ही जरूरी नहीं होती। यह देश और राष्ट्र की आवश्यकता होती है। अगर हम अपने जीवन में स्वच्छता का मूल-मंत्र अपनाएंगें तो हम न केवल अपना घर अपितु अपने आस-पास का वातावरण भी साफ रखेगें। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छ भारत अभियान की शुरूआत की थी।

उन्होंने कहा कि जिस प्रकार चरित्र की शुद्धि और पवित्रता बहुत आवश्यक है। उसी प्रकार बाहर की सफाई भी उतनी ही आवश्यक है। मुख्याध्यापक हरकिशन ने कहा कि गांव में श्री लक्षचंडी महायज्ञ होने जा रहा है। इसी उपलक्ष्य में विद्यार्थियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए स्वच्छता पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। ताकि विद्यार्थी अपने आपको, अपने घर, स्कूल, गांव को स्वच्छ रखें। इस अवसर पर डा. ज्योति शर्मा के साथ एन.सी.सी. की 15 कैडेट्स ने स्कूल की एवं गांव की सफाई भी की। इस अवसर पर सर्वजिंद्र कौर, अमित जैन, कविता आदि उपस्थित थे।

Scanned with ACE Scanner











Scanned with ACE Scanner

# अग्नि सुरक्षा विषय पर कार्यशाला का आयोजन





शाहाबाद : अग्नि सुरक्षा विषय पर आग बुझाने के तरीके बताते अग्निशमन अधिकारी गजे सिंह। (छाया : विजय कुमार)

शाहाबाद मारकंडा, 18 अप्रैल (विजय कुमार): मंगलवार को आर्य कन्या महाविद्यालय की एनसीसी यूनिट एक हरियाणा बटालियन कैंप अंबाला कैंट के द्वारा दक्षता निर्माण–अग्नि सुरक्षा विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में अग्नि विभाग कुरुक्षेत्र से सब अग्निशमन अधिकारी गजे सिंह और फायरमैन गुरप्रीत बतौर मुख्य वक्ता के रूप में पहुंचे। महाविद्यालय में पहुंचने पर प्राचार्या डा. आरती त्रेहन ने पौधा भेंटकर स्वागत किया और छात्राओं को संबोधित करते हुए अग्नि दुर्घटना से बचने के लिए कुछ सावधानियां बताई। कार्यशाला की संयोजिका एनसीसी अधिकारी लेफ्टि. डा. ज्योति शर्मा ने मुख्य वक्ताओं का परिचय देते हुए कार्यशाला के उद्देश्य को स्पष्ट किया। सब अग्निशमन अधिकारी गजे सिंह ने छात्राओं को बताया कि प्रत्येक वर्ष 14 अप्रैल को अग्निशमन दिवस के रूप मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष की थीम है राष्ट्रीय अवसंरचना के विकास के लिए अग्नि सुरक्षा में जागरूकता फैलाना। वहीं फायरमैन गुरप्रीत ने छात्राओं को प्रायोगिक रूप से आग बुझाने के तरीके बताए। उन्होंने आग लगने पर हेल्पलाइन नंबर 101 तथा 112 नंबर के महत्व के बारे में छात्राओं को अवगत कराया। उन्होंने भूकंप के समय में अपने आप को व दूसरों को कैसे सुरक्षित रखें इस बारे में भी अपने विचार छात्राओं के साथ सांझा किए। कार्यशाला में महाविद्यालय की 288 छात्राओं ने भाग लिया। इस मौके पर दीपा शर्मा, महेश धीमान, उप अधीक्षक राजेश आनंद, सोनिया, हरबंस, संतोष, डा. कविता मेहता, राधिका गुप्ता व अनीता सहित स्टाफ मौजूद रहा।

अजीत समाचार
19 अप्रैल, 2023

Scanned with ACE Scanner






Scanned with ACE Scanner

दैनिक भास्कर
कुरुक्षेत्र भास्कर 03-05-2023

# एंटी तंबाकू सैल ने चलाया सामाजिक जागरूकता अभियान




**शाहाबाद मारकंडा** | आर्य कन्या महाविद्यालय की एनएसएस यूनिट ने एमओयू के तहत शाहाबाद के गांव गुमटी में एंटी तंबाकू सैल के सहयोग से आउटरीच प्रोग्राम के अंतर्गत 'तंबाकू स्वास्थ्य के लिए खतरा' विषय पर सामाजिक जागरूकता अभियान चलाया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. आरती त्रेहन ने एनसीसी अधिकारी डॉ. ज्योति शर्मा, एंटी तंबाकू सेल की संयोजिका किरण खेवरिया, डॉ. सिमरजीत कौर, महेश धीमान, सुनील दत्त, एनसीसी कैडेट्स और एंटी तंबाकू सैल की सदस्य छात्राओं को साधुवाद दिया और झंडी दिखाकर जागरूकता अभियान को रवाना किया। डॉ. ज्योति शर्मा ने कहा कि मानव जीवन अनमोल है अतः इसे बचाने का सदैव प्रयास करना चाहिए। किरण खेवरिया ने ग्रामीणों को तंबाकू तथा इनसे बने पदार्थों का सेवन न करने की शपथ दिलवाई। कार्यक्रम में राजेश आनंद, सरस्वती और सोनिया ने सहयोग दिया। मौके पर एनसीसी की 32 छात्राओं ने भाग लिया।

Scanned with ACE Scanner

# एनसीसी यूनिट में गांव गुमटी में मोटा अनाज बांटकर बताया उसका महत्व

शाहाबाद मारकंडा, 23 मई (विजय कुमार): मंगलवार को आर्य कन्या महाविद्यालय की एनसीसी यूनिट द्वारा सामाजिक गतिविधियों को मद्देनजर रखते हुए आउटरीच प्रोग्राम के तहत गोद लिए गए गांव गुमटी में जाकर मोटे अनाज का महत्व विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या डा. आरती त्रेहन ने एनसीसी कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि मोटे अनाज में सॉल्युबल फाइबर, कैल्शियम और आयरन होता है जोकि कई प्रकार की बीमारियों जैसे हाइपरटेंशन व डायबिटीज से लड़ने में मदद करता है। प्राचार्या डा. आरती त्रेहन ने हरी झंडी दिखाकर एनसीसी ऑफिसर लेफ्टिनेंट डा. ज्योति शर्मा के कुशल मार्गदर्शन में 15 कैडेट्स को सामाजिक जागरूकता कार्य हेतु गांव गुमटी के लिए रवाना किया। जागरूकता रैली का गांव गुमटी में पहुंचने पर सरपंच जसविंदर कौर ने स्वागत किया। एनसीसी ऑफिसर लेफ्टिनेंट डा. ज्योति शर्मा ने गांव वासियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्राचीन काल से ही हमारे पूर्वजों द्वारा मोटे अनाज का सेवन किया जाता रहा है। इसलिए इनमें कार्य करने की शक्ति आज के युवा वर्ग से ज्यादा है। वहीं एनसीसी द्वितीय वर्ष की छात्रा महक तथा एनसीसी प्रथम वर्ष की छात्राओं मुस्कान देवी और मुस्कान ने सभी गांव वासियों को मोटे अनाज के फायदे बताते हुए आह्वान किया कि 'मोटे अनाज जोड़ो, मैदा चीनी छोड़ो' व 'मोटा अनाज खाओ, रोगों से मुक्ति पाओ' जैसे नारों से अवगत कराया। इस मौके पर कार्यक्रम को सफल बनाने में राजेश आनंद, सरस्वती व सोनिया का विशेष योगदान रहा।



गांव गुमटी में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में भाग लेती एनसीसी कैडेट्स की छात्राएं। (छाया : विजय कुमार)

Scanned with ACE Scanner




Scanned with ACE Scanner









Scanned with ACE Scanner